UTTARAKHAND

उत्तराखण्ड शासन

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
# निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, कपकोट

**E.Mail . eepwdkapkot@rediffmail.com** **Ph./ Fax No. – 05963.253385 (O)**


पत्रांक 205 /2ई0 दिनांक 31/01/2024

सेवा में,

**प्रभागीय वनाधिकारी**
वन प्रभाग बागेश्वर।

**विषयः–** **जनपद–बागेश्वर के विधानसभा क्षेत्र ककोट में जिला योजना के अन्तर्गत धरमघर कोटमन्या मोटर मार्ग से छिपछिया तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.10 है0 वनभूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन (FP/UK/ROAD/39043/2019)**

सन्दर्भः– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, देहरादून के पत्रांक सं0 1340/12–1 देहरादून दिनांक 26.12.2023

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र द्वारा उक्त प्रस्ताव में जो आपत्तियॉ लगायी गयी हैं उनका निम्नानुसार निराकरण कर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

| बिन्दु सं0 | लगायी गयी आपत्तियॉ | आख्या |
|---|---|---|
| **बिन्दु सं0– 1** | मलवा निस्तारण हेतु प्रस्तावित स्थल को मलवा डाले जाने के पश्चात आवश्यकतानुसार समतलीकरण कर जन उपयोगी में लाये जाने हेतु कार्य योजना तैयार किया जाना उचित होगा। | उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मलवा निस्तारण के पश्चात प्रस्तावित स्थल पर समतलीकरण कर Passing Place के रुप मे उपयोग किया जायेगा। |
| **बिन्दु सं0– 2** | म्लवा निस्तारण हेतु प्रस्तावित स्थल को मलवा डाले जाने के पश्चात क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए मलवे को इस प्रकार सुव्यवस्थित ढंग से स्थिरीकरण किया जाये कि प्रस्तावित स्थल को वृक्षारोपण हेतु उपयोग में लाया जा सके। | उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मलवा निस्तारण वायरक्रेट लगाकर सुव्यवस्थित ढंग से किया जायेगा। |
| **बिन्दु सं0– 3** | डम्पिंग यार्ड को पब्लिक यूटिलिटि के लिये उपयोग में लाया जायेगा। | उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि डम्पिंग यार्ड को पार्किंग हेतु पब्लिक यूटिलिटि के लिये उपयोग में लाया जायेगा। |
| **बिन्दु सं0– 4** | मलवा निस्तारण हेतु प्रस्तावित स्थल के स्लोप को बेंचेस में इस प्रकार विभाजित किया जाये की वह Stablized हो जाये ताकि भविष्य में उक्त स्थल में पौधा रोपण करने में सुविधा हो। | उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मलवा निस्तारण हेतु प्रस्तावित स्थल में वायरक्रेट लगाकर स्लोप को बेंचेस में विभाजित किया जायेगा। |
| **बिन्दु सं0– 5** | पौधा रोपण करते समय प्रस्तावित परियोजना में नेशनल इविरोनिमटनल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीटयूट (NEERI) द्वारा विकसित जैव–उर्वरक तकनीकी को अपनाया जाय। | प्रभागीय वनाधिकारी से सम्बन्धित। |

| | | |
|---|---|---|
| **बिन्दु सं0– 6** | मलवा निस्तारण स्थल को वनीकरण के पारंपरिक तरीकों को Vesicular Arbuscular Maycorrizae (VAM) और पौधों की जड़ों के साथ साझेदारी से नाइट्रोजन फिक्सिंग बैक्टीरिया के उपयोग के साथ पूरक किया जाएगा। ये पौधों की जडों पर उगते है और पौधों को तेज गति से पानी और पोषण विशेषकर फास्फोरस प्रदान करते हैं। | प्रभागीय वनाधिकारी से सम्बन्धित। |
| **बिन्दु सं0– 7** | प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) महोदय द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी के साथ तालमेल रखते हुए प्रस्तावित मलवा निस्तारण स्थल को इस प्रकार उपयोग में लाया जाए कि अन्य स्थलों पर भी इस तकनीकी को मलवा निस्तारण हेतु अपनाया जा सके। | प्रमुख वन संरक्षक महोदय के निर्देशों का पालन किया जायेगा तथा वनाधिकारी के साथ तालमेल रखते हुए प्रस्तावित मलवा निस्तारण कर उपयोग में लाया जायेगा। |

संलग्न–उपरोक्तानुसार 4 प्रतियों में।

भवदीय,
31/01/24

**(अमित कुमार पटेल)**
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0,
कपकोट

UTTARAKHAND

उत्तराखण्ड शासन

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, कपकोट

E.Mail . eepwdkapkot@rediffmail.com Ph./ Fax No. – 05963.253385 (O)

पत्रांक 1211 /2ई0 दिनांक 31 /05/2024

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
वन प्रभाग बागेश्वर।

विषयः– जनपद–बागेष्वर के विधानसभा क्षेत्र ककोट में जिला योजना के अन्तर्गत धरमघर कोटमन्या मोटर मार्ग से छिपछिया तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.10 है0 वनभूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन (FP/UK/ROAD/39043/2019)

सन्दर्भः– आनलाइन प्रस्ताव सं0 (FP/UK/ROAD/39043/2019)

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित प्रस्ताव के क्रम में अवगत करना है कि परिवेश–1 तकनीकी कारण से नहीं खुल पा रहा था जिस कारण नोडल अधिकारी देहरादून द्वारा अपने EDS दिनांक 27.02.2024 द्वारा प्रस्ताव को परिवेश–2 में पुनः ऑनलाइन करने हेतु निर्देशित किया गया था। इस कार्यालय द्वारा नोडल अधिकारी देहरादून को दूरभाष पर वार्ता की गयी उनके द्वारा अवगत कराया गया कि परिवेश–1 पोटल खुल गया है।

अतः उक्त प्रस्ताव को ऑनलाइन अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु ऑनलाइन मुख्य वन संरक्षक अल्मोड़ा को प्रेषित करने की कृपा करें।

भवदीय,
31/05/24
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0,
कपकोट

पत्रांक /2ई0 दिनांक / /2024

**प्रतिलिपिः–**

1. मुख्य वन संरक्षक उत्तरी कुमॉऊ वृत्त अल्मोड़ा को इस आशय से प्रेषित कि उक्त प्रस्ताव को ऑनलाइन अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रमुख वन संरक्षक नोडल अधिकारी देहरादून को प्रेषित करने की कृपा करें।
2. सहायक अभियन्ता प्रथम लो0नि0वि0 कपकोट को सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
नि0ख0लो0नि0वि0,कपकोट
कपकोट